अ0शा0प0सं0-201 /प्र0स0 / वि0स0 / 24

प्रदीप दुबे

प्रमुख सचिव
विधान सभा, उत्तर प्रदेश

कार्यालय : 0522-2213351
: 0522-2238098
फैक्स : 0522-2238208
आवास : 0522-2988050

विधान भवन,
लखनऊ

दिनांक 26/6/2024

मान्यवर,

जैसा कि आपको विदित होगा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष की लगभग दो सप्ताह पूर्व 'बाइपास सर्जरी' हुई थी। माननीय अध्यक्ष द्वारा मुझे आप सभी महानुभावों को यह सम्प्रेषित करने का निदेश हुआ है कि आप सबकी शुभेच्छा एवं प्रभु कृपा से उनकी शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई है। शीघ्र ही वह लखनऊ पहुंचकर लखनऊ में प्रवास करेंगे। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा मुझे यह कहने का निदेश भी हुआ है कि वह आप सबकी शुभकामनाओं हेतु अपना आभार व्यक्त करते हैं।

उक्त के अतिरिक्त मुझे यह निवेदन करने का निदेश भी हुआ है कि चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार अभी कुछ समय तक माननीय अध्यक्ष विभिन्न महानुभावों से भेंट नहीं कर सकते हैं एवं उनको यह विशिष्ट चिकित्सकीय परामर्श दिया गया है कि वह **'आइसोलेशन'** में रहें, जिससे उनको संक्रमण का कोई खतरा न हो। अतः आप सभी महानुभाओं से यह अनुरोध है कि माननीय अध्यक्ष से सम्प्रति भेंट सम्भव नहीं हो सकेगी, माननीय अध्यक्ष द्वारा स्वयं आप सभी महानुभावों से पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के पश्चात् भेंट की जाएगी। आप सभी महानुभाव भी इस बात से सहमत होंगे कि शल्य चिकित्सा के पश्चात् अभी कुछ हफ्तों तक माननीय अध्यक्ष महोदय को भेंट आदि से दूर रहना चाहिए, जिससे वह शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो सकें।

वर्णित परिस्थितियों में आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि आगामी मानसून सत्र तक माननीय अध्यक्ष से भेंट सम्भव नहीं हो सकेगी।

आप सभी की शुभेच्छाओं की सदैव आकांक्षा है।

सादर,

(प्रदीप दुबे)

समस्त माननीय सदस्यगण,
विधान सभा, उ0प्र0।